वार्ड 35 में बनेगा सामाजिक भवन, महापौर देवेन्द्र यादव ने क्षेत्र में पहुंचकर की कार्य की शुरुआत

भिलाईनगर। वार्ड 34 में मंदिर स्थित फ्रेंड्स क्लब के भवन का जीर्णोद्धार और रेड्डी समाज के भवन के लिए दो अलग अलग स्थानों में आज भूमिपूजन हुआ। विकास कार्यो की स्वीकृति पश्चात आज महापौर एवं विधायक भिलाईनगर श्री देवेन्द्र यादव ने वार्ड पार्षद कृष्णा वेणी , एल्डरमेन एवं वरिष्ठ नागरिकों की उपस्थिति में भूमिपूजन किया। भवन का जीर्णोद्धार होने से फ्रेंड्स क्लब के युवाओं को विभिन्न गतिविधि हेतु व्यवस्थित भवन मिलेगा और रेड्डी समाज का नया भवन निर्माण होने से सामाजिक कार्यक्रम आयोजित कर पाएंगे। 18 लाख की लागत से क्षेत्र में होने वाले विकास कार्य से वार्ड के नागरिकों के सुविधाओं में इजाफा होगा इसके लिए इसके लिए क्षेत्र के नागरिकों ने मांग की थी , जिसे महापौर श्री यादव के द्वारा पूरी कराए जाने के बाद वार्डवासियों ने खुशी जाहिर करते हुए महापौर व निगम प्रशासन का आभार व्यक्त किया। जोन कं. 04 अंतर्गत वार्ड 35 के सुभाष चौक के पास स्थित मंदिर के पास फ्रेंड्स क्लब का भवन है जो काफी पुराना व जर्जन हो चुका है। क्षेत्र के युवाओं को बैठक व अन्य गतिविधियों के लिए महापौर से भवन संधारण हेतु मांग की गई थी, जिसका स्वीकृति होने के बाद आज भूमिपुजन हुआ। जोन 04 के इंजीनियर अखिलेश चंद्राकर ने बताया कि फ्रेडस क्लब के मंच का जीर्णोद्धार का कार्य 11.12 लाख की लागत से होगा। इसमें हाल के साथ एक रूम होगा साथ ही टायलेट की सुविधा भी रहेगी। मंच के सामने पेवर ब्लाॅक लगाया जाएगा। इसी प्रकार वार्ड 35 में छ.ग. रेड्डी समाज के लिए सामाजिक भवन बनाया जाएगा। सामाजिक एवं अन्य गतिविधियों के लिए बनाए जाने वाले भवन 7 लाख की लागत से बनेगा, आयोजनों के अनुरूप सुविधा अनुसार बनेगा। भिलाई निगम के जोन कं. 04 अंतर्गत वार्ड 34 व 35 में हुए भूमिपूजन में क्षेत्र के वरिष्ठ नागरिक, एल्डरमेन बबीता भैसारे, डी. नागमणि, डी. कामराजू, अरूण राॅय, अयुब खान, निगम के संजय बागड़े उपस्थित थे।